मिसिल संख्या -18/1/2020-C-1/1

कर्मचारी चयन आयोग

<u>महत्वपूर्ण सूचना</u>

विषयः- संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2020 के माध्यम से आईए एंड ए विभाग (कैग के अंतर्गत कार्यालय) में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, प्रभागीय लेखाकार और लेखा परीक्षक के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना।

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा- 2020 के माध्यम से आईए एंड ए विभाग (कैग के अंतर्गत कार्यालय) में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, प्रभागीय लेखाकार और लेखा परीक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए नामित अभ्यर्थियों को राज्यों / कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की योग्यता-सह-राज्य वरीयता के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों की जानकारी के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना की एक प्रति संलग्न है।

अवर सचिव (गो-1/1)

दिनांक 14.11.2022

(कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित होने की सूचना)

विषय :भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, संभागीय लेखाकार एवं लेखापरीक्षकों **के रिक्त पदों को भरने हेतु** संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा–2020 **के माध्यम से चुने गये अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना ।**

संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा–2020 के माध्यम से भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के तहत कार्यालय) के सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, संभागीय लेखाकार एवं लेखापरीक्षकों के पदों पर नियुक्ति के लिए नामित अभ्यर्थियों को राज्यों/कार्यालयों का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट/रैंक, वर्गवार रिक्त पदों की संख्या तथा अभ्यर्थियों द्वारा दी गयी राज्य वरीयता के आधार पर होगा ।

2 इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) पर उपलब्ध है | संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा–2020 के माध्यम से भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीन) में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, संभागीय लेखाकार एवं लेखापरीक्षकों के पदों पर चयनित किये गए अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबंधित वांछित जानकारी URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर भरें । ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 14 नवंबर 2022 से प्रारंभ होगी तथा 28 नवंबर 2022 तक जारी रहेगी।